13.01.25

Page-1

Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी                    विषय - हिन्दी साहित्य

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला-3

पाठ -16 बूढ़ा गिद्ध और बिल्ली के प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1. पक्षियों के बच्चों की देखभाल कौन करता था ?
उत्तर - पक्षियों के बच्चों की देखभाल बूढ़ा गिद्ध करता था।

प्रश्न 2. पक्षियों के जाने के बाद गिद्ध के पास कौन आया ?
उत्तर - पक्षियों के दाना चुगने चले जाने के बाद गिद्ध के पास एक बूढ़ी बिल्ली आई।

प्रश्न 3. बूढ़ा गिद्ध भोजन के बदले पक्षियों के लिए क्या करता था ?
उत्तर - बूढ़ा गिद्ध भोजन के बदले पक्षियों के बच्चों की देखभाल करता था।

प्रश्न 4. पक्षियों को गिद्ध पर दया क्यों आ गई थी ?
उत्तर - बूढ़े गिद्ध ने जब पेड़ के पक्षियों से यह कहा कि मैं बहुत बूढ़ा हो गया हूँ। अब मैं उड़ नहीं सकता, मेरी मदद करो। यह बात

कक्षा - तीसरी विषय- हिन्दी साहित्य

सुनकर पक्षियों को गिद्ध्ध पर दया आ गई।

प्रश्न 5. पक्षियों के बच्चे क्यों खो रहे थे ?

उत्तर- पक्षियों के बच्चे इसलिए खो रहे थे क्योंकि बिल्ली हर रोज़ धर्म का उपदेश सुनने के बहाने गिद्द के पास आती थी और गिद्ध्ध की आँख बचाकर पक्षियों के घोंसले से उनके बच्चे पकड़कर खा जाती थी।

प्रश्न 6. पक्षियों ने गिद्ध्ध को क्यों मार डाला ?

उत्तर- जब पक्षियों ने नीम के पेड़ की खोखल पर अपने बच्चों की हड्डियों का ढेर लगा देखा तो उन्होंने समझा कि बूढ़ा गिद्ध्ध उनके बच्चों की देखभाल करने की बजाय उन्हें मारकर खा जाता है। यह सोचकर सब पक्षियों ने मिलकर गिद्ध्ध पर हमला कर उसे मार डाला।

* वाक्य बनाओ

1. देखभाल - रोहन अपने छोटे भाई की देखभाल करता है।
2. प्रातःकाल - मैं प्रातः काल सैर करने जाती हूँ।
3. स्नान - हमें प्रतिदिन स्नान करना चाहिए।
4. क्रोध - हंसिका छोटी - छोटी बात पर क्रोध करती रहती है।
5. दया - हमें गरीबों पर दया करनी चाहिए।

गृहकार्य

सभी छात्र उपर्युक्त कार्य को अपनी - अपनी कॉपी में लिखेंगे।

[Last Page]

धन्यवाद।